# उद्यान केंद्र का कायाकल्प, शोध एवं प्रशिक्षण को मिलेगी नई ऊर्जा

विश्वविद्यालय के उद्यान अनुसंधान केंद्र के भवन के जीर्णोद्धार के बाद उसका लोकार्पण कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। कुलपति के नेतृत्व में उद्यान केंद्र पर नए फल वृक्षों जैसे कि ड्रैगन फल, अंगूर, कस्टर्ड ऐपल, एवाकाडो, ब्लू बेरी का पहली बार रोपण किया गया है। यह सब केंद्र के शोध ब्लॉक में रोपित किया गया है। कुलपति द्वारा उद्यान केंद्र के जीर्णोद्धार के लिए निदेशक शोध डा. अजीत सिंह नैन और संयुक्त निदेशक शोध डा. अशोक कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना की और उन्होंने अपेक्षा की कि उद्यान विभाग के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों द्वारा अधिक से अधिक सार्थक रूप में शोध एवं प्रशिक्षण हेतु उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता एवं निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।